भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2018

दिनांक 02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

कायाकल्प योजना

+2018. श्री मितेश पटेल (बकाभाई):

श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कायाकल्प योजना का विस्तृत ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2021-22 तक कायाकल्प पुरस्कार विजेताओं की संख्या में कोई वृद्धि हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसका कारण क्या है; और

(ग) क्या वित्त वर्ष 2021-22 में कायाकल्प योजना में कोई अतिरिक्त विषय-वस्तु शामिल की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत अभियान के प्रयासों को पूरा करने के लिए कायाकल्प स्कीम शुरू की गई थी। यह ऐसे जन स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय पहल है जो उच्च स्तर की स्वच्छता, साफ-सफाई और संक्रमण नियंत्रण को प्रदर्शित करती है।

कायाकल्प योजना के उद्देश्य :

1. जन स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केन्द्रों में स्वच्छता, साफ-सफाई और संक्रमण नियंत्रण प्रैक्टिसों को बढ़ावा देना।
2. ऐसे जन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों को प्रोत्साहित करना और पहचानना जो स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण के मानक प्रोटोकॉल का अनुपालन करने में अनुकरणीय प्रदर्शन दिखाते हैं।
3. साफ-सफाई, स्वच्छता और सफाई व्यवस्था से संबंधित प्रदर्शन के चल रहे मूल्यांकन और सहकर्मी समीक्षा की व्यवस्था को विकसित करना।

4. सकारात्मक स्वास्थ्य परिणामों से जुड़े जन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में बेहतर स्वच्छता से संबंधित स्थायी प्रैक्टिसों को बनाना और साझा करना।

यह योजना दो स्तरों पर चल रही है:

(क) जिला अस्पतालों के जन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों तक;

(ख) केन्द्र सरकार के अस्पताल।

कायाकल्प मूल्यांकन एक त्रिस्तरीय प्रक्रिया है जिसमें आंतरिक, सहकर्मी और बाहरी मूल्यांकन शामिल हैं। प्रत्येक वित्तीय वर्ष की शुरुआत में, पूर्व-निर्धारित मूल्यांकन उपकरण का उपयोग करके स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र का आकलन, स्कोर और दस्तावेजीकरण किया जाता है।

(क) जिला अस्पतालों तक जन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों के लिए मूल्यांकन उपकरण में लगभग आठ विषयक क्षेत्रों में व्यवस्थित जांच सूची है जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है:

1. अस्पताल/सुविधा रखरखाव
2. सफाई व्यवस्था और स्वच्छता
3. अपशिष्ट प्रबंधन
4. संक्रमण नियंत्रण
5. समर्थन सेवाएं
6. स्वच्छता संवर्धन
7. अस्पताल की चारदीवारी से बाहर सफाई
8. पर्यावरण के अनुकूल सुविधा केन्द्र

(ख) केन्द्र सरकार के अस्पतालों के लिए मूल्यांकन उपकरण में निम्नलिखित विषयक क्षेत्र हैं:

1. अस्पताल का रखरखाव
2. सफाई व्यवस्था और स्वच्छता
3. समर्थन सेवाएं
4. अपशिष्ट प्रबंधन
5. संक्रमण नियंत्रण
6. स्वच्छता संवर्धन
7. स्वच्छता पर जनता से प्रतिक्रिया तंत्र

(ख): वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2021-22 तक कायाकल्प सुविधा केन्द्रों की संख्या में वृद्धि का ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ग): वर्ष 2021-22 में जिला अस्पताल के जन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों के लिए मानदंडों में एक नया विषयगत क्षेत्र, पर्यावरण अनुकूल सुविधा केन्द्र जोड़ा गया था।

****

दिनांक 02.08.2024 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 2018 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

अनुलग्नक

कायाकल्प प्रोत्साहन के लिए चयनित स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केन्द्रों की संख्या में वृद्धि

स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केन्द्र	**वित्त वर्ष 2015-16**	**वित्त वर्ष 2016-17**	**वित्त वर्ष 2017-18**	**वित्त वर्ष 2018-19**	**वित्त वर्ष 2019-20**	**वित्त वर्ष 2020-21**	**वित्त वर्ष 2021-22**
जिला अस्पताल	97	191	289	395	372	455	410
एसडीएच/सीएचसी	0	318	760	1140	1769	2559	2154
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र	0	1044	1729	2723	4078	6330	5329
शहरी स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र	0	0	181	562	1010	1531	1216
आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एससी)	0	0	0	0	374	1932	4758
पर्यावरण के अनुकूल सुविधा केन्द्र (डीएच, एसडीएच /सीएचसी)	0	0	0	0	0	0	48
कुल	**97**	**1553**	**2959**	**4820**	**7603**	**12807**	**13915**

स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केन्द्र	**वित्त वर्ष 2015-16**	**वित्त वर्ष 2016-17**	**वित्त वर्ष 2017-18**	**वित्त वर्ष 2018-19**	**वित्त वर्ष 2019-20**	**वित्त वर्ष 2020-21**	**वित्त वर्ष 2021-22**
केंद्र सरकार के संस्थान	3	6	11	9	12	15	9

*****